अध्याय 46

याकूब का सारे परिवार समेत मिस्र को जाना

निम्नलिखित तथ्य किसी परिवार के पुनः मेल के इतिहास का सबसे नाटकीय घटना में से एक है, यूसुफ़ ने अपने घराने के लोगों को मिस्र में आने के लिए सभी प्रकार का प्रबन्ध किया। अध्याय 46 उनकी यात्रा के साथ याकूब के वंश की वंशावली की सूची का विवरण भी देता है। जब इब्री मिस्र में पहुँचे, फ़िरौन ने उसके प्रधानमंत्री के साथ उनका रिश्ता होने के कारण उनका स्वागत किया और गोशेन में उन्हें निवास स्थान बनाने का अपना निमंत्रण दिया।

बेर्शेबा में याकूब को परमेश्वर की शांति और मिस्र की यात्रा (46:1-7)

[1]तब इस्राएल अपना सब कुछ लेकर बेर्शेबा को गया, और वहाँ अपने पिता इसहाक के परमेश्वर को बलिदान चढ़ाया। [2]तब परमेश्वर ने इस्राएल से रात को दर्शन में कहा, "हे याकूब, हे याकूब।" उसने कहा, "क्या आज्ञा।" [3]उसने कहा, "मैं परमेश्वर हूँ, तेरे पिता का परमेश्वर; तू मिस्र में जाने से मत डर; क्योंकि मैं तुझ से वहाँ एक बड़ी जाति बनाऊँगा। [4]मैं तेरे संग-संग मिस्र को चलता हूँ; और मैं तुझे वहाँ से फिर निश्चय ले आऊँगा; और यूसुफ़ अपने हाथ से तेरी आँखों को बंद करेगा।" [5]तब याकूब बेर्शेबा से चला; और इस्राएल के पुत्र अपने पिता याकूब और अपने बाल-बच्चों, और स्त्रियों को उन गाड़ियों पर, जो फ़िरौन ने उनके ले आने को भेजी थीं, चढ़ाकर चल पड़े। [6]और वे अपनी भेड़-बकरी, गाय-बैल और कनान देश में अपने इकट्ठा किए हुए सारे धन को ले कर मिस्र में आए; [7]और याकूब अपने बेटे-बेटियों, पोते-पोतियों, अर्थात् अपने वंश भर को अपने संग मिस्र में ले आया।

आयत 1. स्पष्ट लिखा है कि **इस्राएल** (याकूब) अब्राहम और इसहाक के घर, हेब्रोन में ही रहता था (35:27; 37:14)। यूसुफ़ और फ़िरौन के निवेदन करने पर **वह अपना सब कुछ लेकर** लगभग छब्बीस मील यात्रा करके **बेर्शेबा** में जाकर रुक गया। प्रतिज्ञा की भूमि की ओर याकूब की दोनों यात्राओं की शुरूआत यहीं से

हुई और याकूब को बेर्शेबा में परमेश्वर का प्रकाशन, 28:10-15 में वर्णित बेतेल में याकूब को परमेश्वर के दर्शन के समान है। संभवतः यह प्राचीन कनान के दक्षिणी सीमा पर था (2 शमूएल 24:2) और इसहाक के बसने का मुख्य स्थान था (26:23-33; 28:10)। इस सीमा के आगे, खेती बहुत कठिन थी, क्योंकि वहाँ पानी की कमी थी। वहाँ के मरुस्थलीय क्षेत्र से मिस्र में नील घाटी की ओर यात्रा याकूब जैसे बूढ़े मनुष्य और पत्नियों तथा बच्चों के लिए बहुत ही कठिन रही होगी।

इस साहसिक यात्रा की शुरुआत करने से पहले, वहाँ याकूब ने **अपने पिता इसहाक के परमेश्वर को बलिदान चढ़ाया**। "बलिदान" शब्द का प्रयोग זֶבַח *(ज़ेबच)*, जो इस आयत के साथ केवल उत्पत्ति के 31:54 में पाया जाता है। उस सन्दर्भ में, परमेश्वर के सामने वाचा के भोजन में वेदी पर माँस को पकाया और खाया जाता था। बाद में *ज़ेबच* का प्रयोग मेलबलि के लिए सामान्य रूप से किया जाने लगा; जिन्हें शपथ या परमेश्वर को धन्यवाद की भेंट चढ़ाने प्रयोग किया जाता था (लैव्य. 3:1; 17:5)।[1] यहाँ पर बलिदान चढ़ाने से, संभवतः उसके पिता के द्वारा बनाई गई वेदी पर, याकूब ने दर्शाया कि उसने उसी परमेश्वर की आराधना की जिसकी इसहाक किया करता था। और विशेषकर उसने सुनिश्चित किया कि जैसे वे प्रतिज्ञा की भूमि को छोड़कर मिस्र को जाएँ अब्राहम और इसहाक का परमेश्वर उसका और उसके परिवार के संग भी होगा, और परमेश्वर के किए वायदे अनुसार चार सौ वर्षों तक वहाँ पर उनकी संख्या बढ़ती चली जाएगी (15:13-16)।

आयत 2. इन बलिदानों के पश्चात, **तब परमेश्वर ने इस्राएल से रात को दर्शन में**,[2] पुकारकर कहा **"हे याकूब, हे याकूब।"** उस पुरुष ने कहा, **"क्या आज्ञा"** ("देख, मैं यहाँ हूँ")।[3] 22:11 में,परमेश्वर के दूतों द्वारा अब्राहम को पुकारना ("हे अब्राहम, हे अब्राहम") उसके नाम की और उसी प्रकार ("देख, मैं यहाँ हूँ") उत्तर की पुनरावृत्ति को चित्रित किया गया है। बाद में इसी शब्दावली को निर्गमन 3:4 में मूसा की बुलाहट में दोहराया गया था।

आयत 3. याकूब के सामने परमेश्वर ने अपनी पहचान को इन शब्दों में व्यक्त किया: **"मैं परमेश्वर हूँ, तेरे पिता का परमेश्वर; तू मिस्र में जाने से मत डर।"** परमेश्वर ने याकूब के पिता इसहाक को, जिस रात वह बेर्शेबा आया, शांति का यही वचन कहा, "मैं तेरे पिता अब्राहम का परमेश्वर हूँ; मत डर, क्योंकि मैं तेरे साथ हूँ। और अपने दास अब्राहम के कारण तुझे आशीष दूँगा, और तेरा वंश बढ़ाऊँगा" (26:24)। इन वचनों के पश्चात इसहाक और उसके चरवाहों ने पलिश्तियों की ओर से कई विवादों को सहा तब वे उनके इस स्थान पर परदेशी होकर रहते थे (26:15-23)।

परमेश्वर के बुलाहट की भाषा और विषय-वस्तु बताती है कि याकूब को वह एक भविष्यवक्ता के रूप में संबोधित करता था। उसने इस पुरुष को मिस्र में इस्राएल के परदेशी होकर रहने से सम्बंधित बातें समझा दी। अब्राहम के साथ भी उसने ऐसा ही किया (15:13), जिसे बाद में उसने भविष्यवक्ता कहा

(20:7)। यह बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि अब्राहम मिस्र जाने से डर रहा था (12:10-13); यद्यपि याकूब यूसुफ़ के संग रहना चाहता था, परन्तु वह चिंतित था कि उस अनजान देश में उसके और उसके परिवार के भविष्य का क्या होगा। परमेश्वर उनकी यात्रा की तैयारी या गोशेन में बसने सम्बन्धी ऐसे किसी भी प्रकार के डर को मिटा देना चाहता था।

फिर आगे परमेश्वर ने कहा, **"मैं तुझ से वहाँ** [मिस्र में] **एक बड़ी जाति बनाऊँगा।"** अब्राहम से जो उसने कहा था वह प्रतिज्ञा निरंतर चलती रही (12:2; 17:6, 16; देखें 18:18)। परमेश्वर ने बेतेल में याकूब के साथ भी निश्चय किया था कि उससे "एक जाति वरन् जातियों की एक मण्डली" उत्पन्न होगी (35:11)। निश्चय ही, याकूब (इस्राएल) के वंश मिस्र में "बढ़ते चले गए" (निर्गमन 1:7, 20)[4]; वहाँ से बाहर निकलने के समय वे 600,000 से अधिक पुरुषों के साथ, स्त्रियाँ और बच्चे भी थे (निर्गमन 12:37; 38:26)। संक्षिप्त में, मिस्र, "एक गर्भ था जिसमें परमेश्वर ने उसकी जाति की रचना की।"[5]

आयत 4. संक्षिप्त कथन के रूप में, परमेश्वर ने इस पुरुष को सुनिश्चित किया कि **"मैं तेरे संग-संग मिस्र को चलता हूँ।"** परमेश्वर ने बाद में इसी प्रकार की प्रतिज्ञा मूसा (निर्गमन 3:12) और यहोशू (यहोशू 1:5) के साथ भी की, जब उसने उन्हें अपने लोगों की उनके सामने रखी कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अगुवाई करने के लिए बुलाया।

परमेश्वर ने अपनी शपथ को याकूब से यह कहते हुए पूरा किया, **"मैं तुझे वहाँ से फिर निश्चय ले आऊँगा और यूसुफ़ अपने हाथ से तेरी आँखों को बंद करेगा।"** यह अंतिम घोषणा याकूब के हृदय को छू जाने वाली थी। जब याकूब की धरती की यात्रा का अंत हुआ, उसका प्रिय पुत्र जिसके विषय में उसने सोचा कि वह हमेशा के लिए उसे खो चुका था वह उसके संग रहेगा (49:33-50:1)। नहूम एम.सरना के अनुसार, यहाँ वर्णन व्यक्त करता है "रीति के अनुसार जेठा पुत्र या सबसे निकट का रिश्तेदार ही मरनहार की आँखों को धीरे से बंद करेगा।"[6] यूसुफ़, जो याकूब का सबसे प्रिय पुत्र था, अपने पिता के लिए इस रीति को पूरा करेगा।

"मैं तुझे वहाँ से फिर निश्चय ले आऊँगा" यह परमेश्वर की याकूब के साथ पिछली प्रतिज्ञा का प्रतिरूप है जब वह एसाव के क्रोध से बचने के लिए कनान छोड़कर हारान चला गया था। परमेश्वर ने कहा, देख, "मैं तेरे संग रहूँगा, और जहाँ कहीं टूट जाए वहां तेरी रक्षा करूंगा, और तुझे उस देश में लौटा ले आऊंगा: मैं अपने कहे हुए को जब तक पूरा कर न लूँ तब तक तुझको न छोडूंगा" (28:15)। इस सन्दर्भ में, वचन याकूब की मिस्र से वापसी के बारे में बताता है इस पुरुष को अकेले परदेशियों की भूमि में मिट्टी नहीं दी जाएगी। उसे पुरखों के कब्र, मकपेला की गुफ़ा में विश्राम देने के लिए उसकी अस्थि को वापस कनान लाया जाएगा (49:28-33; 50:12-14)। परमेश्वर की प्रतिज्ञा इस्राएलियों के मिस्र से बाहर आने और प्रतिज्ञा की भूमि पर उनके बसने के बारे में बताती है (देखें 15:13-16)।

आयत 5. परमेश्वर के इन प्रतिज्ञाओं को सुनते ही, याकूब ने तुरंत और

निर्णायक कदम उठाया। यद्यपि वह अपने पुत्रों के बल और परमेश्वर के अनुग्रह के कार्यों पर निर्भर था, वह **बेर्शेबा** को बिना किसी वापसी के विचार के साथ छोड़ने को तैयार था। इसलिए, **इस्राएल के पुत्र अपने पिता याकूब और अपने बाल-बच्चों, और स्त्रियों को उन गाड़ियों पर, जो फ़िरौन ने उनके ले आने को भेजी थीं, चढ़ाकर चल पड़े** (देखें 45:19, 21, 27)।

आयत 6. इस प्रकार का कदम पूरे परिवार के लिए बड़ा बदलाव का कारण होता है, और विशेषकर बूढ़े मनुष्य के लिए, परन्तु याकूब नहीं रुका। अतः **वह परिवार अपनी भेड़-बकरी, गाय-बैल और कनान देश में अपने इकट्ठा किए हुए सारे धन को ले कर आए। अंततः, याकूब और उसका पूरा वंश एक साथ मिस्र में आए।**

आयत 7. आयत 5 और 6 बताती हैं कि याकूब के पुत्र उसे, अपने घराने को और अपने चलित संपत्ति को लेकर मिस्र में आए, वहीं आयत 7 कहती है कि वह (याकूब) था जो **अपने बेटे-बेटियों, पोते-पोतियों, अर्थात् अपने वंश भर को ... अपने संग मिस्र में ले आया**। पिछला कथन याकूब की इकट्ठा की गई संपत्ति के बारे में था जो उसके पुत्रों द्वारा लम्बी यात्रा करके लायी गई थी, वहीं बाद का विवरण पुरखों की संस्कृति की सामाजिक व्यवस्था को बताता है। पूरे कुटुंब का एक साथ अधिकारिक और सांकेतिक रूप से आगे बढ़ना एक कृतज्ञ पुरुष के द्वारा सम्पूर्ण किया गया।

आयत 7 में याकूब की "पुत्रियाँ" जो मिस्र की कठिन यात्रा में अन्य सभी लोगों के संग चल रहीं थीं, परन्तु उत्पत्ति के वृत्तान्त में केवल दीना का ही नाम आया है (30:21; 34:1; 46:15)। इसे कैसे समझाया जा सकता है? पहली सम्भावना है कि याकूब की और पुत्रियाँ थीं जिनके नामों का विवरण नहीं दिया गया था (देखें 34:9, 16, 21)। बाइबल के प्राचीन संसार में, उत्तराधिकार प्रायः पुरुष वंशावली के द्वारा आगे बढ़ाई जाती थी; इसलिए स्त्रियों के नाम कभी गिने नहीं जाते थे। और दूसरा कारण यह है कि शब्द "पुत्रियाँ" का प्रयोग याकूब की "पुत्रों की पत्नियों" (बहुओं) के लिए भी किया जा सकता है (देखें टिप्पणी 37:35 पर)। तीसरा विचार हो सकता है कि यहाँ पर (और 46:15 में) बहुवचन "पुत्रियाँ" का प्रयोग एकवचन के अर्थ को बताने, दूसरे शब्दों ("पुत्रों," "पोतों," "पोतियों") के साथ इसकी समानता बताई गई है। इस भाषान्तरण का समर्थन बहुवचन वाला शब्द "पुत्रों" की सत्यता के द्वारा किया गया हो, जो 46:23 में मिलता है और एक बार ही आया है।

आयत 7 में याकूब की पत्नियों के बारे में कोई वर्णन नहीं है। जबकि उत्पत्ति के दूसरे अनुच्छेदों में (35:19; 49:31), मिस्र में जाने से पहले कनान में राहेल और लिआ की मृत्यु का स्पष्ट वर्णन है। ज़िल्पा और बिल्हा का क्या हुआ इसके बारे में वचन में कुछ भी नहीं लिखा गया है।

याकूब की वंशावली (46:8-27)

[8]याकूब के साथ जो इस्राएली, अर्थात् उसके बेटे, पोते, आदि, मिस्र में आए, उनके नाम ये हैं: याकूब का जेठा रूबेन था; [9]और रूबेन के पुत्र हनोक, पललू, हेस्रोन और कर्म्मी थे। [10]शिमोन के पुत्र यमूएल, यामीन, ओहद, याकीन, सोहर, और एक कनानी स्त्री से जन्मा हुआ शाऊल भी था। [11]लेवी के पुत्र गेर्शोन, कहात, और मरारी थे। [12]यहूदा के एर, ओनान, शेला, पेरेस, और जेरह नामक पुत्र हुए तो थे पर एर और ओनान, कनान देश में मर गए थे; और पेरेस के पुत्र हेस्रोन और हामूल थे। [13]इस्साकार के पुत्र तोला, पुब्बा, योब और शिम्रोन थे। [14]जबूलून के पुत्र सेरेद, एलोन, और यहलेल थे। [15]लिआ: के पुत्र जो याकूब से पद्दनराम में उत्पन्न हुए थे, उनके बेटे पोते ये ही थे, और इनसे अधिक उसने उसके साथ एक बेटी दीना को भी जन्म दिया। यहां तक तो याकूब के सब वंश वाले तैंतीस प्राणी हुए। [16]फिर गाद के पुत्र सिय्योन, हाग्गी, शूनी, एसबोन, एरी, अरोदी, और अरेली थे। [17]आशेर के पुत्र यिम्ना, यिश्वा, यिस्वी, और बरीआ थे, और उनकी बहिन सेरह थी; और बरीआ के पुत्र हेबेर और मल्कीएल थे। [18]ज़िल्पा, जिसे लाबान ने अपनी बेटी लिआ: को दिया था, उसके बेटे पोते आदि ये ही थे; और उसके द्वारा याकूब के सोलह प्राणी उत्पन्न हुए। [19]फिर याकूब की पत्नी राहेल के पुत्र यूसुफ़ और बिन्यामीन थे। [20]और मिस्र देश में ओन के याजक पोतीपेरा की बेटी आसनत से यूसुफ़ के ये पुत्र उत्पन्न हुए, अर्थात् मनश्शे और एप्रैम। [21]और बिन्यामीन के पुत्र बेला, बेकेर, अश्बेल, गेरा, नामान, एही, रोश, मुप्पीम, हुप्पीम, और आर्द थे। [22]राहेल के पुत्र जो याकूब से उत्पन्न हुए उनके ये ही पुत्र थे; उसके ये सब बेटे पोते चौदह प्राणी हुए। [23]फिर दान का पुत्र हुशीम था। [24]नप्ताली के पुत्र यहसेल, गूनी, सेसेर, और शिल्लेम थे। [25]बिल्हा, जिसे लाबान ने अपनी बेटी राहेल को दिया, उस के बेटे पोते ये ही हैं; उसके द्वारा याकूब के वंश में सात प्राणी हुए। [26]याकूब के निज वंश के जो प्राणी मिस्र में आए, वे उसकी बहुओं को छोड़ सब मिलकर छियासठ प्राणी हुए। [27]और यूसुफ़ के पुत्र, जो मिस्र में उससे उत्पन्न हुए, वे दो प्राणी थे; इस प्रकार याकूब के घराने के जो प्राणी मिस्र में आए वे सब मिलकर सत्तर हुए।

आयतें 8-15. याकूब के वंशों (**इस्राएल के पुत्रों**) की वंशावली पुरखों के इतिहास के इस भाग के अन्त और मिस्र में अब्राहम के वंश के नए समय की शुरुआत को बताता है। वाक्यांश **मिस्र को गए** (46:8) और "मिस्र में आए" (46:27) वंशावली को रूपरेखा देता है और इसे 46:5-7 के ऐतिहासिक घटना से जोड़ता है।

वंशावली, याकूब की पहली पत्नी; **लिआ के पुत्रों** के साथ शुरू होती है, उनके नाम थे **रूबेन** (**जेठा** पुत्र), **शिमोन, लेवी, यहूदा, इस्साकार और जबूलून।** जब उनका परिवार **पद्दनराम** में रहता था उसने उन्हें जन्म दिया (29:31-35; 30:17-20)। इन पुरुषों के पुत्रों (याकूब के पोतों) की सूची भी दी गई है।[7] लेखक

सावधानी से यहूदा के पुत्रों के बारे में लिखता है अर्थात् **एर और ओनान, कनान देश में मर गए थे** (38:1-11)। इसलिए वे याकूब के घराने के साथ मिस्र में नहीं गए। उसने तामार से जन्मे पेरेस और जेरह नामक याकूब के जुड़वा पुत्रों के बारे में भी लिखा जिनके जन्म का विवरण 38:27-30 में दिया गया है। पेरेस के दोनों पुत्र (याकूब के परपोतों) के नाम भी दिया गया है। इस भाग में याकूब की **पुत्री दीना** के साथ सूची समाप्त होती है, जिसे लिआ ने जन्म दिया था (30:21)। सब मिलाकर, याकूब के वंश और लिआ कि **संख्या तैंतीस गिना गया**।

यहाँ एक समस्या उत्पन्न होती है क्योंकि लिआ के नीचे कुल चौतीस लोग सूची में आते हैं। कुछ विद्वान मानते हैं कि दीना को गिनती से बाहर किया गया था, जबकि वचन बताता है कि **उसके सब पुत्र और पुत्रियाँ**[8] "तैंतीस गिने" गए थे। दूसरा समाधान है कि एर और ओनान सूची में नहीं थे, क्योंकि वे कनान में मर गए थे, वहीं दीना और याकूब (जबकि याकूब कुल पुरुष था) गिनती में रखे गए। बाद में, चारों का योग एक साथ मिलाकर (33+16+14+7) दिया गया जिसका जोड़ "सत्तर" आता है जिसमें याकूब की गिनती भी की गई है (46:27)

आयतें 16-18. फिर ज़िल्पा, एक दासी जिसे लाबान ने अपनी पुत्री लिआ को दिया था, के पुत्रों की वंशावली आती है। जब लिआ ने कुछ समय बाद बच्चे उत्पन्न करना बंद कर दिया तब उसने ज़िल्पा को याकूब की रखैल करके दिया। फिर ज़िल्पा ने दो पुत्रों, गाद और अश्शेर को जन्म दिया (30:9-13)। गाद के सात पुत्रों की सूची, अश्शेर के चार पुत्रों और एक पुत्री (सेरह) के साथ दी गई है। अश्शेर के दो पोतों का नाम भी दिया गया है। ज़िल्पा से याकूब के वंश वाले कुल सोलह प्राणी थे।

आयतें 19-22. वंशावली **याकूब की पत्नी** [दूसरी और प्रिय पत्नी] **राहेल** के पुत्रों के साथ जारी है। विशेषता पूर्वक, चार पत्नियों में केवल वही ऐसी थी जिसे लेखक ने सूची में "याकूब की पत्नी" का नाम दिया; वह लाबान की पुत्री थी जिससे वास्तव में विवाह करने के लिए याकूब ने निवेदन किया था (29:18)।

राहेल के पुत्रों में पहले **यूसुफ़** था, जो पद्दनराम में उत्पन्न हुआ था (30:22-24)। पूरे परिवार का कनान देश में लौटने के पश्चात, यूसुफ़ को दास के रूप में **मिस्र** में सत्रह वर्ष की आयु में बेच दिया गया था (37:2, 28)। बहुत वर्षों पश्चात, वह फ़िरौन के बाद का अधिपति बन गया और **आसनत, ओन नगर के याजक पोतीपेरा की बेटी** से उसका विवाह करा दिया गया (41:45)। यूसुफ़ से उसके दो पुत्र उत्पन्न हुए, **मनश्शे और एप्रैम** (41:50-52)। वे याकूब के घराने के उनमें से नहीं थे जो कनान से आए थे।

बिन्यामीन राहेल का दूसरा पुत्र था। एक नाटकीय दृश्य के अनुसार, याकूब के इस सबसे छोटे पुत्र को जन्म देने के पश्चात वह कनान में मर गई (35:16-19)। जब पूरा घराना मिस्र को गया, तब बिन्यामीन तीस से भी कम आयु का था, इस रीति उसके दस पुत्रों में अधिकांश (सारे नहीं) लोग अब तक जीवित नहीं बचे थे। अन्य अनुच्छेद (गिनती 26:38-40; 1 इतिहास 8:1-5) के अनुसार, कुछ व्यक्ति विशेष जो सूची में आए वे वास्तव में बिन्यामीन के पोते थे।[9] लेखक

ने इन वंशवालों को जीवित बताया है और कूच करने के समय जिनका जन्म भी नहीं हुआ था।[10] इब्रानियों के लेखक के शब्दों को लेने पर, "उस समय [वे] अपने पिता की देह में" थे (इब्रा. 7:10)। **राहेल के पुत्र जो याकूब से उत्पन्न हुए** - यूसुफ़ और उसके दो पुत्र तथा बिन्यामीन और उसके दस पुत्र - ये **सब मिलाकर चौदह प्राणी थे**।

आयतें 23-25. वंशावली के अंतिम भाग में बिल्हा, **एक दासी जिसे लाबान ने अपनी पुत्री राहेल को दिया था**, के पुत्रों की सूची आती है। क्योंकि राहेल के कई वर्षों तक बच्चे नहीं हो रहे थे, इसलिए उसने बिल्हा को **याकूब** की रखैल करके दिया। बिल्हा के दो पुत्र **दान** और **नप्ताली** उत्पन्न हुए (30:1-8)। दान एक पुत्र का पिता हुआ, वहीं नप्ताली के चार पुत्र हुए इसलिए, याकूब के वंश में बिल्हा से **कुल सात प्राणी थे**।

आयतें 26, 27. पुरखों के कार्यों का प्रमाण रखते हुए प्राचीन लेखक - बाइबल प्रेरित लेखक - जिन विधियों का प्रयोग करते थे वे आधुनिक वर्णनकर्ताओं या वंशावली विद्वानों के कड़े नियमों से बिल्कुल भिन्न थे। कभी-कभी शैली पूरे वंशावली पर पहला स्थान ले लेती थी ताकि सूची को कंठस्थ किया जा सके (देखें मत्ती 1:1-17)। और वंशावली किसी निश्चित पुरखा या जाति के महत्व के वर्णन को व्यक्त कर सके। मिस्र में बसे इस पुरखा के घराने तीन अलग-अलग गिनती बाइबल के पुस्तकों में पाई जाती है: छियासठ (46:26), सत्तर (46:27; देखें निर्गमन 1:5; व्यव. 10:22) और "पचहत्तर" (प्रेरितों. 7:14, 15)।

पहली गिनती, याकूब के निज वंश के जो प्राणी उसके साथ **मिस्र** में आए, वे **उसकी बहुओं** को छोड़ सब मिलाकर छियासठ प्राणी थे (46:26)। एर और ओनान को सभी तीन में अपने कुल योग के अनुसार अलग कर दिया गया है, क्योंकि वे यात्रा शुरू होने के बहुत पहले मर गए थे (38:7, 10; 46:12)। इस पहली गिनती में, याकूब को नहीं गिना गया था; और यूसुफ़, एप्रैम और मनश्शे पहले से ही मिस्र में थे इन चारों के नाम सत्तर लोगों के परिवार के सूची में से हटा देने से उनकी कुल गिनती छियासठ थी। इस गिनती में याकूब की बेटी दीना का नाम भी नहीं आया है (46:15)।

याकूब के परिवार की दूसरी गणना 46:27 में दी गई है। उस "सत्तर" कि संख्या में याकूब स्वयं (प्रजनक के रूप में), यूसुफ़ और उसके दो बेटे मनश्शे और एप्रैम शामिल थे। "याकूब के घराने के सदस्यों की मिस्र देश में" कुल संख्या यही थी (NLT: अंग्रेज़ी)

नए नियम के समय में, स्तिफनुस ने याकूब और उसके संबंधियों की एक और गणना प्रेरितों 7:14, 15 में "पचहत्तर" दी, जो कि यूनानी LXX पर आधारित है। स्तिफनुस, एक हेलेनिस्टिक (यूनानी भाषा बोलने वाला) यहूदी मसीही, ने इस आंकड़े का वर्णन यीशु के मसीहा होने के विषय की अपनी गवाही को प्रस्तुत करते हुए किया, यहूदी धर्म के सर्वोच्च न्यायालय की महासभा के समक्ष (प्रेरितों 6:8-7:57)। इन यहूदियों को संबोधित करते हुए, स्तिफनुस ने यूनानी अनुवाद

का हवाला क्यों दिया बजाय उत्पत्ति की इब्रानी हस्तलिपि के आंकड़े का उपयोग करने के? उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि ये यहूदी यूनानी भाषा बोलने वाले थे। बेबीलोन की बंधुवाई के दौरान, यहूदियों ने अरामी भाषा को अपनी भाषा के रूप ने ग्रहण कर लिया था[11]; कुछ जो बाद में दोबारा यरूशलेम में बसे (538-536 ई.पू.) वे इब्रानी भाषा बोल सकते थे। महान सिकंदर की विजय के साथ (334-323 ई.पू.) यूनानी भू मध्य-सागर जगत की प्रमुख भाषा बन गई। अधिक से अधिक लोग दुभाषी हो गए; फिलिस्तीन के कई यहूदी वास्तव में पहली सदी ईस्वी में अरामी और यूनानी दोनों भाषा बोल लेते थे।[12] इसीलिए, स्तिफनुस का LXX का हवाला देना स्वाभाविक था।[13]

इस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर, आइए हम अपने मौलिक प्रश्न का उत्तर दें। प्रेरितों 7:14 में स्तिफनुस द्वारा याकूब के परिवार के लिए बड़ी संख्या का उपयोग करने का कारण है कि यूनानी पाठ उत्पत्ति 46:20 में मनश्शे के एक बेटे और एप्रैम के दो बेटों, और उन दोनों के एक-एक पोतों को शामिल करता है, जिससे संख्या पचहत्तर हो जाती है। LXX कहता है,

> और यूसुफ़ को मिस्र देश में पुत्र उत्पन्न हुए, जिनको, हेलिओपोलिस के याजक पेतेफ्रेस की बेटी, आसनत ने उसके लिए जन्मे, जो थे मनश्शे और एप्रैम। और मनश्शे को भी पुत्र उत्पन्न हुए, जो उसके लिए एक सीरियाई रखैल ने जन्मे, जो कि था माकिर। और माकिर से गलाद उत्पन्न हुआ। और मनश्शे के भाई एप्रैम के पुत्र; सुतलाम और ताम थे। और सुतलाम के पुत्र; एदोम।[14]

जो तीन कुल संख्याएँ दी गई हैं उनमें सबसे महत्वपूर्ण उत्पत्ति 46:27 के इब्रानी पाठ की है: "सत्तर।" निश्चित रूप से, यह कोई संयोग नहीं है की उत्पत्ति 10 में राष्ट्रों की संख्या भी "सत्तर" दी गई थी। दो और महत्वपूर्ण संख्याओं के गुणित के रूप में, "सात" और "दस" (7 x 10 = 70), "सत्तर" प्राचीन समय में एक संकेत जान पड़ता है कुल, सम्पूर्णता, और पूर्णता का। जिस प्रकार से सत्तर राष्ट्र आदम के सारे वंशजों को दर्शाते हैं, उसी प्रकार "सत्तर" की संख्या अब्राहम, इसहाक और याकूब के उन सारे वंशजों को दर्शाती है, जो "इस्राएल के पुत्र" कहलाए (46:8)।

यूसुफ़ का याकूब और उसके परिवार का स्वागत करना (46:28-34)

[28]फिर उसने यहूदा को अपने आगे यूसुफ़ के पास भेज दिया कि वह उसको गोशेन का मार्ग दिखाए; और वे गोशेन देश में आए। [29]तब यूसुफ़ अपना रथ जुतवाकर अपने पिता इस्राएल से भेंट करने के लिए गोशेन देश को गया, और उससे भेंट करके उसके गले से लिपटा, और बहुत देर तक उसके गले से लिपटा हुआ रोता रहा। [30]तब इस्राएल ने यूसुफ़ से कहा, "मैं अब मरने से भी प्रसन्न हूँ, क्योंकि तुझे जीवित पाया और तेरा मुँह देख लिया।" [31]तब यूसुफ़ ने अपने

भाइयों से और अपने पिता के घराने से कहा, "मैं जाकर फ़िरौन को यह कहकर समाचार दूँगा, 'मेरे भाई और मेरे पिता के सारे घराने के लोग, जो कनान देश में रहते थे, वे मेरे पास आ गए हैं; 32और वे लोग चरवाहे हैं, क्योंकि वे पशुओं को पालते आए हैं; इसलिए वे अपनी भेड़-बकरी, गाय-बैल, और जो कुछ उनका है, सब ले आए हैं।' 33जब फ़िरौन तुमको बुला के पूछे, 'तुम्हारा उद्यम क्या है?' 34तब यह कहना, 'तेरे दास लड़कपन से लेकर आज तक पशुओं को पालते आए हैं, वरन् हमारे पुरखा भी ऐसा ही करते थे।' इससे तुम गोशेन देश में रहने पाओगे; क्योंकि सब चरवाहों से मिस्री लोग घृणा करते हैं।"

आयत 28. याकूब के वंशजों को सूचीबद्ध करने के बाद जो उसके साथ मिस्र चले गए थे, लेखक यात्रा के वृतांत को जारी रखता है। जब वे मिस्र कि सीमा पर पहुँचते हैं, उस कुलपति ने यहूदा को आगे भेजा। हालाँकि यहूदा ने ही यूसुफ़ को दासों के सौदागरों को बेच देने का सुझाव दिया था (37:26-28) और याकूब और उसके चहेते बेटे के बीच लम्बे वियोग का कारण बना था, पर अब अपने पिता और यूसुफ़ का पुनर्मिलन कराने में उसी की मुख्य भूमिका थी। प्रत्यक्ष है कि याकूब की दृष्टि में उसने एक नई आकृति हासिल कर ली थी (43:3-5 पर टिप्पणी देखें)। यहूदा **यूसुफ़** के पास (याकूब से) आगे गया, उसे उसके परिवार के मिस्र में आगमन के विषय में बताने और **गोशेन के देश** में लिए जाने के लिए (देखें 45:10)। NIV (अंग्रेज़ी) कहता है कि उसे आगे भेजा गया "गोशेन की दिशा जानने के लिए।"

आयत 29. हमारे पास यहूदा के मिस्र में पहुँचने का कोई विवरण नहीं है, परन्तु स्पष्ट है कि वह जानता था की यूसुफ़ कहाँ हो सकता है और उसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यूसुफ़ ने, जो कि आतुरता से अपने परिवार के आगमन की आशा कर रहा था, तुरंत अपना **रथ जुतवाया**। अपने उत्साह में, यूसुफ़ मिस्री सरकार द्वारा एक उच्चाधिकारी से अपेक्षित गरिमा और नवा चार को भूल गया था। वह एक चिंतित पुत्र था, और उसने अपने पिता **इस्राएल से भेंट करने के लिए गोशेन देश** की ओर दौड़ लगाई। जैसे ही उसने याकूब को देखा, यूसुफ़ - जो पहले अपने भाइयों के गले से लग के रो चुका था - दोबारा अपनी भावनाओं से सराबोर हो गया और अपने (पिता के) गले से लिपटा, और बहुत देर तक उसके गले से लिपटा हुआ रोता रहा।

आयत 30. इस्राएल (याकूब) कई वर्षों से एक टूटा हुआ और हताश मनुष्य था जब से उसने विश्वास किया था कि यूसुफ़ की हत्या हो चुकी है। उसने शोक मनाया था, "मैं तो विलाप करता हुआ अपने पुत्र के पास अधोलोक में उतर जाऊँगा।" (37:35)। परन्तु, इस समाचार को सुनने, कि यूसुफ़ जीवित है, और उसके पर्याप्त प्रमाण देखने के बाद, उसका "चित्त स्थिर हो गया" (45:27)। इस समय पर, जैसे उसने अपने लम्बे समय से बिछड़े बेटे को गले लगाया, उसे अंततः एक परिपूर्णता और तसल्ली की अनुभूति हुई। उस वृद्ध कुलपति ने यूसुफ़ से कहा, **"मैं अब मरने से भी प्रसन्न हूँ, क्योंकि तुझे जीवित पाया और तेरा मुँह देख**

लिया।"[16] हालाँकि याकूब दृढ़ता से कह रहा था की वह शांति से मरने के लिए तैयार है, वह और अधिक सत्रह वर्षों तक जीवित रहा (47:9, 28)। याकूब ने कनान में यूसुफ़ के साथ सत्रह वर्ष के जीवन का आनंद लिया था (37:2); और, इतने वर्षों के वियोग के पश्चात परमेश्वर ने उसे मिस्र में यूसुफ़ के साथ आनंद लेने के लिए उतने ही वर्ष और प्रदान किए। उसने अपना शेष जीवन वहीं बिताया अपने पुत्रों और अपने घराने के साथ, फ़िरौन के आश्रय और छत्रछाया के तले।

आयत 31. फिर से मिस्र के नवा चार को स्मरण करते हुए, **यूसुफ़** ने **अपने भाइयों** से और अपने **पिता के घराने** से कहा, मैं जाकर फ़िरौन को यह कहकर समाचार दूँगा, मेरे भाई और मेरे पिता के सारे घराने के लोग, जो कनान देश में रहते थे, वे मेरे पास आ गए हैं। फ़िरौन के उदार प्रस्ताव के कारण उसके परिवार का मिस्र को आना संभव हो सका था (45:17, 18), और यूसुफ़ का उसके उपकार के प्रति उचित सम्मान दिखाना आवश्यक था।

आयत 32. उसकी ज़िम्मेदारी फ़िरौन को यह सूचित करना भी था की वे **चरवाहे** हैं, क्योंकि वे **पशुओं को पालते** आए हैं, और वे अपनी भेड़-बकरी, गाय-बैल, और जो कुछ उनका है, सब ले आए हैं। यूसुफ़ फ़िरौन को यह बताना चाहता था कि गोशेन उसके परिवार के बसने के लिए उचित स्थान होगा, मिस्र कृषि भूमि पर अतिक्रमण किए बिना। अपने साथ सब कुछ साथ ले आने के द्वारा, याकूब और उसके परिवार ने अपने निवास स्थान को स्थाई रुप से बदलने की इच्छा को व्यक्त किया, परन्तु अपने-अपने काम-काज को नहीं।

आयतें 33, 34. यूसुफ़ ने अपने परिवार को **फ़िरौन** से मिलने के लिए तैयार किया, राजा की संभावित मुख्य चिंता को ध्यान में रखते हुए। वह जानता था कि मिस्री लोग चाहेंगे कि विदेशी चरवाहे उनसे और उनकी कृषि भूमि से अलग रहें। उसने उन्हें आगाह किया कि फ़िरौन उनसे उनके काम-काज के विषय में पूछेगा जिससे इतने बड़े परिवार और सेवकों की पूर्ति होती है। यूसुफ़ ने उन्हें राजा की पूछताछ के प्रति इस प्रकार से प्रतिक्रिया करने का निर्देश दिया: **"तेरे दास लड़कपन से लेकर आज तक पशुओं को पालते आए हैं, वरन् हमारे पुरखा भी ऐसा ही करते थे।"** योजना यूसुफ़ के संबंधियों की गोशेन में बसने की थी, मिस्री लोगों कि उपजाऊ भूमि से परे, ताकि उन्हें खतरे के रूप में न देखा जाए।[17] शायद उन्होंने सुना था कि सब चरवाहों से मिस्री लोग घृणा करते हैं। यह मनोभाव स्वाभाविक है इतने बड़े झुण्ड द्वारा मिस्री फसलों और कृषि भूमि को हानि पहुँचाए जाने की क्षमता को देखते हुए। हम जानते हैं कि मिस्री सभी प्रकार के पशु पालन के विरुद्ध नहीं थे; 47:6 में फ़िरौन ने यूसुफ़ के कुछ "परिश्रमी पुरुषों" को अपने स्वयं के पशुओं के अधिकारी ठहराने की मान्यता दी थी। इसके अतिरिक्त, फ़िरौन का नील नदी के किनारे मोटी गायों का कछार की घास चरने वाला स्वप्न (41:1-3) प्राचीन मिस्र में एक सामान्य दृश्य पर आधारित था। शायद कुछ पशुओं को नील के किनारे बाड़े के भीतर रखा जाता था। मिस्री लोगों का चरवाहों के प्रति घृणा का एक और कारण यह था कि उनके पूजा में पशुओं की बलि चढ़ाना शामिल था जिसे नील घाटी के लोग पूजनीय मानते थे (निर्गमन

8:25-27)।[18]

गोशेन में नए घर में बसने से याकूब के परिवार की निकटवर्ती आवश्यकताएं पूरी हो गईं। वह नहीं जान सकते थे कि भविष्य में क्या उनकी प्रतीक्षा कर रहा है, परन्तु वे परमेश्वर की योजना के अगले पड़ाव में प्रवेश की ओर अग्रसर थे।

अनुप्रयोग

विश्वास द्वारा चलना (45:16-46:34)

हमारे द्वारा जीवन में अनुभव किए जाने वाली परीक्षाएं अकसर हमें समझ में नहीं आती। कष्टों के बीच में, मसीहियों को "रूप देखकर नहीं, पर विश्वास से जीने" (2 कुरि. 5:7) के लिए बुलाया गया है। जीवन उससे कहीं अधिक है जो भौतिक दृष्टिकोण से दिखाई देता है। हमें परमेश्वर पर भरोसा रखना चाहिए "सभी वस्तुओं में भलाई उत्पन्न" (रोमियों 8:28) होने के लिए और उसके प्रेरित वचन की प्रतिज्ञाओं पर विश्वास करना चाहिए।

परमेश्वर के लोगों को परमेश्वर की योजना के प्रति विश्वास से प्रतिक्रिया करनी चाहिए और यह समझना चाहिए कि उसका दैवी हाथ दृश्यों के पीछे कार्य कर रहा है, उसकी इच्छा को पूरा करने के लिए। सामान्य रूप से, लोग विश्वास से चलने के बजाय दृष्टि से चलने में अधिक सुविधापूर्ण महसूस करते हैं। याकूब ने अपनी आँखों पर विश्वास किया था और मान लिया था की यूसुफ़ मर चुका है। दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि उसे अपने पुत्रों की कहानी पर सदा कुछ संदेह रहा था। जब वे मिस्र से शिमोन के बिना लौटे और कहा कि उन्हें बिन्यामीन को साथ लेकर मिस्र को लौटना होगा, उस वृद्ध कुलपति के मुँह से उसकी वास्तविक भावनाएं निकल गईं: "मुझको तुमने निर्वंश कर दिया, देखो यूसुफ़ नहीं रहा, और शिमोन भी नहीं आया, और अब तुम बिन्यामीन को भी ले जाना चाहते हो" (42:36)। यूसुफ़ का यह वर्णन प्रकट करता है कि याकूब को सदा यह संदेह था कि उसके बड़े बेटे उसकी गुमशुदगी के विषय में उतने निर्दोष नहीं थे जितना वे दावा करते थे।

जब वे भाई मिस्र से अनाज खरीदने की अपनी दूसरी यात्रा से घर लौटे, उन्होंने जो सुनाया वह एक काल्पनिक कहानी सा लगता था। उन्होंने कहा, "यूसुफ़ अब तक जीवित है, और सारे मिस्र देश पर प्रभुता वही करता है।" याकूब अपने पुत्रों के शब्दों को सुनकर "अपने आप में नहीं रहा"; और क्योंकि उनका संबंध कई वर्षों से शंका के कारण तनाव में था, "उसने उनकी प्रतीति नहीं की" (45:26)। फिर भी, उन्होंने अपने पिता को बताया कि फ़िरौन ने उनके समूचे परिवार को मिस्र में बसने की मान्यता दे दी है। उसने उनसे वादा किया था कि उन्हें "मिस्र देश जो कुछ अच्छे से अच्छा है" वह मिलेगा और उन्हें "उत्तम से उत्तम पदार्थ खाने को मिलेंगे" (45:18)। इसके अतिरिक्त, उसने यूसुफ़ को निर्देश दिया था वह अपने भाइयों से कहे कि "मिस्र देश से अपने बाल बच्चों और स्त्रियों के लिए गाड़ियाँ ले जाएं" ताकि उनके पत्नियों, बच्चों और वृद्ध पिता की यात्रा

सरल हो सके (45:19)। इसके अलावा, यूसुफ़ ने अपने भाइयों को यात्रा के दौरान बदलने के लिए वस्त्र और शेष सामग्री भी दी थी; परन्तु बिन्यामीन को उसने तीन सौ चांदी की मोहरें और बदलने के लिए पाँच जोड़े वस्त्र दिए थे (45:22)। अपने पिता के लिए, उसने मिस्र की उत्तम वस्तुओं से लदे दस गदहे और अनाज, रोटी और यात्रा के लिए आवश्यक अन्य वस्तुओं से लदी दस गदहियाँ भेजी थीं (45:23)।

हालाँकि वर्णनकर्ता कहता है कि "उन्होंने अपने पिता याकूब से यूसुफ़ की सारी बातें" कही (45:27), यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने कब अपने पिता को बताया था कि वे अपने भाई की गुमशुदगी के लिए ज़िम्मेदार हैं। निश्चित रूप से, याकूब ने उन्हें पूछा होगा कि यूसुफ़ मिस्र में कैसे पहुंचा और फ़िरौन ने उसे अधिकार के ऐसे ऊंचे ओहदे पर क्यों बैठा दिया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपने पिता से आने वाले और अधिक कठोर शब्दों को टालने के लिए, जैसे कि 42:36 में हुआ था, उन्होंने उनके प्रति यूसुफ़ के क्षमा करने वाले शब्दों के सन्दर्भ में याकूब पर प्रकट किया कि उन्होंने यूसुफ़ के साथ कैसा भयंकर कृत्य किया था। यूसुफ़ ने परमेश्वर के दैवी कार्य पर यह कहते हुए ज़ोर दिया था, "अब तुम लोग मत पछताओ, और तुमने जो मुझे यहाँ बेच डाला, इससे उदास मत हो; क्योंकि परमेश्वर ने तुम्हारे प्राणों को बचाने के लिए मुझे तुम्हारे आगे भेज दिया है" (45:5)। दूसरे शब्दों में, याकूब के बेटे उससे कह रहे थे कि, "हमने जो यूसुफ़ के साथ किया उसका उपयोग परमेश्वर भलाई के लिए कर पाया।" वास्तव में, परमेश्वर ने यूसुफ़ के द्वारा कार्य किया था उसके पूरे परिवार को, और अकाल से पीड़ित भू मध्य-सागर वाले क्षेत्र के अनगिनत लोगों को भुखमरी से, बचाने के लिए।

यूसुफ़ ने उन्हें यह भी सूचित कर दिया था कि जो अकाल दो वर्षों से पड़ा है वह अगले 5 वर्षों तक चलने वाला है। उसने अपने भाइयों से कहा, "इस रीती अब मुझको यहाँ भेजने वाले तुम नहीं, परमेश्वर ही ठहरा; और उसी ने मुझे फ़िरौन का पिता सा, और उसके सारे घर का स्वामी, और सारे मिस्र देश का प्रभु ठहरा दिया है" (45:8)।

हालाँकि याकूब यूसुफ़ को न देख सकता था न सुन सकता था, उसकी अंतरात्मा उन गाड़ियों के दृश्य से जागृत हो गई थी जो उसके गुमशुदा पुत्र ने उसे मिस्र ले आने के लिए भेजी थीं ताकि वे दोबारा इकट्ठे रह सकें (45:27)। यह रोमांचक परिवर्तन हुआ क्योंकि वह अब विश्वास करता था। उसने उत्तर दिया, "बस, मेरा पुत्र यूसुफ़ अब तक जीवित है; मैं अपनी मृत्यु से पहले जाकर उसको देखूंगा" (45:28)।

सदियों से, जिन विश्वासियों ने न यीशु को देखा है न ही उसकी आवाज़ सुनी है उन्होंने भी ऐसी ही चुनौती का सामना किया है। अपेक्षाकृत बहुत छोटी संख्या में लोग यीशु के मृत्यु, पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के गवाह रहे हैं (यूहन्ना 20:19-31; प्रेरितों 1:9-11; 1 कुरि. 15:1-8)। दो हज़ार वर्षों से विश्वासियों का विश्वास उसे व्यक्तिगत रूप से देखने या सुनने से नहीं आया है, परन्तु प्रेरितों

की गवाही की साक्षी से जो शास्त्रों में जीवित रहती है (रोमियों 10:17; इब्रा. 4:12)। पतरस ऐसे ही विश्वास की ओर संकेत कर रहा था जब उसने सताए हुए मसीहियों को लिखा था। उन्होंने यीशु को उसकी व्यक्तिगत सेवकाई के दौरान न देखा था न सुना था, फिर भी उन्होंने उसमें अवर्णनीय आनंद के साथ विश्वास किया। ऐसे विश्वास का परिणाम "उनकी आत्माओं का उद्धार" था (1 पतरस 1:6-9)। दुनिया के उस क्षेत्र में, जिसे आज तुर्की कहा जाता है, पहली सदी के विश्वासियों ने विश्वास किया था पतरस की ईमानदारी और यीशु मसीह के विषय में उसकी गवाही के कारण। पतरस यीशु को उस प्रभु और उद्धारकर्ता के रूप में जानता था जो, नया जन्म देने के द्वारा, स्वर्ग में अविनाशी मीरास प्रदान करता हैं उन सभी के लिए जो उससे प्रेम करते हैं (1 पतरस 1:1-5)। उस महान प्रेरित को झूठ बोलने से कोई लाभ होने वाला नहीं था; वास्तव में, मानवी दृष्टिकोण से उसके पास सब कुछ था खोने के लिए, परन्तु वह उस दैवी बुलाहट के प्रति विश्वसनीय रहा। उसके विश्वास के उदाहरण ने उसके सन्देश को और भी समार्थशाली बनाया।

इब्रानियों के लेखक ने कहा, "विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय, और अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है" (इब्रा. 11:1)। विश्वास की आँखों के द्वारा हमारी आशाएं इतनी वास्तविक और निश्चित हो जाती हैं कि हम उनके अनुसार कार्य कर सकते हैं। यही याकूब को करना पड़ा जब उसके बेटे मिस्र से शिमोन और बिन्यामीन के साथ लौटे और उसे सूचित किया कि यूसुफ़ जीवित है और मिस्र सरकार में केवल फ़िरौन से द्वितीय है। हालाँकि उस शोकित कुलपति ने यूसुफ़ को कई वर्षों से नहीं देखा था और विश्वास किया था कि वह मर चुका है, उसने विश्वास में स्वीकार किया - उसके बड़े बेटों की गवाही के आधार पर - कि उसकी प्रिय संतान मिस्र में एक सामर्थशाली शासक बन गया है। यूसुफ़ को दोबारा देखने का याकूब का निश्चय थे वह गाड़ियां, पशु, उपहार, और वस्तुएं जो उसके समक्ष रखी गईं थीं। जैसे याकूब ने एक गाड़ी में चढ़कर मिस्र की यात्रा की शुरुआत की, वह "विश्वास से" जा रहा था न कि "रूप को देखकर" (2 कुरि. 5:7)। परमेश्वर हर युग में अपने लोगों से ऐसी प्रतिक्रियाओं की अपेक्षा करता है। जैसे हम अपने स्वर्गीय घर की ओर यह विश्वास की यात्रा जारी रखते हैं, हमें इस ज्ञान के साथ कदम उठाने चाहिए कि विश्वास वह जीत है जो शंकाओं और भय पर विजय प्राप्त करती है (1 यूहन्ना 5:4)।

जो प्रभु में विश्वास करते और उसकी आज्ञा मानते हैं उनके पास अंतिम लक्ष्य के लिए उसकी उपस्थिति और अगुवाई की निश्चितता है। जब यूसुफ़, फ़िरौन, और उसके परिवार से संबंधित घटनाओं का याकूब की दृष्टि के समक्ष खुलासा हो रहा था, उस कुलपति ने सोचा होगा कि क्या यह उस योजना की पूर्ति है जिसकी घोषणा परमेश्वर ने कई वर्षों पूर्व उसके दादा अब्राहम से की थी (15:13-16)। क्या परमेश्वर सच में उसके परिवार और वंशजों से एक राष्ट्र उत्पन्न करेगा, बावजूद इसके कि वह और उसके पुत्र पक्षपात, ईर्ष्या, हिंसा, और छल के दोषी रहे हैं?

यह याकूब और उसके बेटों के लिए आनंदमय और नम्र करने वाला अनुभव था। इसलिए, जब वे बेर्शेबा पहुंचे, जहाँ उसके पिता और दादा दोनों ने जीवन बिताया और आराधन की थी (21:31-33; 22:19; 26:23, 33), उसने "अपने पिता इसहाक के परमेश्वर को बलिदान चढ़ाया" (46:1)। बेर्शेबा अंतिम पड़ाव था उनके रेगिस्तान में प्रवेश करने से पूर्व, जो उन्हें मिस्र पहुँचने के लिए पार करना था। इस मार्ग को लेना एक भयानक चुनौती खड़ी करता था अनुभवी यात्रियों के लिए, विशेषकर ऐसे समूह के लिए जिनके साथ महिलाएं और बच्चे हैं। हालाँकि सारे चिन्ह मिस्र की ओर संकेत करते थे, याकूब के लिए यह जानना आवश्यक था कि क्या यह परमेश्वर की इच्छा है कि उसका परिवार प्रतिज्ञा के देश से निकल कर नील नदी-मुख के पूर्वी भाग में स्थानांतरित करें, जहाँ वे यूसुफ़ के पास होंगे।

याकूब को उत्तर के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। उस रात बेर्शेबा में परमेश्वर ने उससे एक दर्शन के द्वारा बात की और अपनी पहचान उसके पिता इसहाक के परमेश्वर के रूप में दी। उसने याकूब को मिस्र जाने के भय से मुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया। उसने उसके साथ जाने की और उसके वंशजों द्वारा वहां एक महान राष्ट्र निर्माण करने की प्रतिज्ञा की। इसके अतिरिक्त, परमेश्वर ने कहा कि वह याकूब के लोगों को अंततः मिस्र से निकाल लाएगा, और उसकी मृत्यु के समय उसकी आंखें बंद करने के लिए यूसुफ़ उसके साथ होगा (46:3, 4)। एक पिता और क्या मांग सकता है? परमेश्वर ने उसे वह सब कुछ दिया था जो उसके हृदय ने चाहा था। इस अनुभूति के साथ, वह कुलपति और उसके सारे लोग बेर्शेबा से निकल पड़े मिस्र की अपनी यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, इस आत्मविश्वास के साथ कि परमेश्वर उनके साथ रहेगा और उन्हें एक सफल यात्रा और मिस्र में एक उज्ज्वल भविष्य देगा (46:5-7)।

परमेश्वर के लोगों को सदा इस निश्चितता की आवश्यकता रहती थी कि वह उनके साथ रहेगा जैसे वे उसकी इच्छा करने का प्रयत्न करते हैं। यह प्रत्यक्ष था फसह के पर्व की रात्रि के अंतिम भोजन पर, जब यीशु ने अपने शिष्यों को बताया कि वह जा रहा है और वे उसके साथ नहीं जा सकते (यूहन्ना 13:33)। हालाँकि उसने उनसे कहा कि बाद में वे उसका अनुसरण करते हुए परमेश्वर के स्वर्गीय निवासस्थान को पहुंचेंगे (यूहन्ना 13:36; 14:1, 2), वह समाचार उनके लिए कष्टदायी था। यीशु ने वादा किया कि वह उन्हें अनाथ नहीं छोड़ेगा, क्योंकि पिता उनके लिए "एक और सहायक" (पवित्र आत्मा) देगा, जो "सर्वदा [उनके] साथ-साथ रहेगा" (यूहन्ना 14:16, 18)। उनके हृदयों और जीवनों में पवित्र आत्मा का निवास करना ऐसा था, जैसा बाद में पौलुस ने कहा, "मसीह जो महिमा की आशा है [उनमें] रहता है" (कुलु. 1:27)।[19] शिष्यों को परेशान और भयभीत हृदयों के साथ छोड़ने के बजाय, यीशु ने उनको शांति के साथ छोड़ा (यूहन्ना 14:27)। उसके शब्दों की निश्चितता उसका शारीरिक पुनरुत्थान था (लूका 24:36-49), और उसने "बहुत से पक्के प्रमाण" भी दिए (प्रेरितों 1:3)। जैसे कि याकूब को कनान से मिस्र उसके साथ परमेश्वर की उपस्थिति की प्रतिज्ञा के साथ

भेजा गया, यीशु ने अपने शिष्यों को सुसमाचार के साथ सारे जगत में भेजा, यह संकल्प करते हुए कि वह "जगत के अंत तक सदा" उनके साथ रहेगा (मत्ती 28:18-20)।

विश्वासियों का इस आंसुओं की वादी से परे अनंतकाल में विश्वास होना चाहिए। यीशु ने हमारी आशा का एक और कारण दिया जब उसने मार्था से उसके भाई की मृत्यु के पश्चात कहा: उसने कहा, "पुनरुत्थान और जीवन मैं ही हूँ; जो कोई मुझ पर विश्वास करता है वह यदि मर भी जाए तौभी जीएगा और जो कोई जीवित है और मुझ पर विश्वास करता है, वह अनंतकाल तक न मरेगा" (यूहन्ना 11:25, 26)। इस उत्तेजक दावे के प्रमाण में, यीशु लाज़र की कब्र की ओर मुड़ा, जो चार दिन पहले गाड़ा जा चुका था (यूहन्ना 11:39), और कहा, "लाज़र, बाहर आ" (यूहन्ना 11:43)। तब देखने वाले लोग विस्मय में पड़ गए, जब लाज़र कब्र से बाहर आया, अभी भी कब्र की पट्टियों में लिपटा हुआ (यूहन्ना 11:44)। इस बात ने साबित किया कि मृत्यु अंत नहीं है, और यह कि केवल शरीर मरता है। जो अपने पापों से पश्चाताप करते, परमेश्वर के पुत्र के रूप में यीशु मसीह में विश्वास का अंगीकार करते, और उनके पापों के धोए जाने के लिए बपतिस्मा लेते हैं, वे लगातार जीवित रहेंगे। ये आज्ञाकारी विश्वासी एक दिन यीशु मसीह के पुनरुत्थान की तरह जिलाए जाएंगे और उसके अनंतकाल के जीवन में सहभागी होंगे (रोमियों 6:5; 1 यूहन्ना 3:2, 3; 5:13)।

समाप्ति नोट्स

[1]हर्बर्ट वोल्फ, "זָכַר," *TWOT* में, 1:233. [2]उत्पत्ति में अन्य दर्शन/स्वप्न के लिए, देखें 15:1, 5, 12; 20:3; 26:24; 28:12; 31:10, 24; 37:5, 9; 40:5; 41:1, 5. [3]इसी प्रकार का बातचीत नाम की पुनरावृत्ति के बिना 31:11 में मिलता है। [4]नया नियम में, स्तिफनुस और पौलुस ने मिस्र में इस्राएली जाति के बढ़ने और बहुत हो जाने के प्रमाण दिए (प्रेरितों 7:17; 13:17)। [5]ब्रूस के. वाल्टके, *जेनेसिस: अ कमेंटरी* (ग्रान्ड रैपिड्स, मिची.: जोंडरवन पब्लिशर्स, 2001), 574. [6]नहूम एम. सरना, *जेनेसिस,* द जेपीएस तोरह कमेंटरी (फिलडेल्फिया: जुईश पब्लिकेशन सोसाइटी, 1989), 313. [7]इस वंशावली में एक व्यक्ति विशेष के बारे में चर्चा की अधिक जानकारी के लिए, देखें केनेथ ए. मैथ्यूस, *जेनेसिस 11:27-50:26*, द न्यू अमेरिकन कमेंटरी, वोल. 1बी (नाशविल्ले: ब्रॉडमन & होलमन पब्लिशर्स, 2005), 829-35. [8]यहाँ पर "पुत्रियों" का अर्थ एकवचन में हो सकता है, जैसा कि 46:23 में "पुत्रों" के लिए किया गया है। केवल दीना का नाम याकूब की पुत्री के रूप में आया है। [9]46:21 का अनुवाद LXX में भी इस रिश्ते के बारे में स्पष्ट रुरूप से बताया गया है। [10]ऐसा हो सकता है कि इन पुरुषों के नाम सूची में दी गई हो क्योंकि वे बिन्यमीन गोत्र में से कुटुंब के अगुवे थे।

[11]जब एज्रा ने यरूशलेम में परमेश्वर के लोगों को इब्रानी पुस्तक से पढ़ कर सुनाया, तो उसका अरामी में अनुवाद करना आवश्यक था ताकि लोग समझ सकें (नहेम्य. 8:8, 12)। [12]फिलिस्तीन में पहली सदी ईसा-पूर्व के कई ऐसे यहूदी आराधनालय, कब्र, और मकबरे पाए गए हैं जिनमें से लगभग आधों के शिलालेख अरामी में, जबकि शेष आधे यूनानी में अंकित हैं। [13]यह भी एक कारण है की नए नियम के लेखकों ने कलीसियाओं को, जिनमें यहूदी और अन्य जाती दोनों ही विश्वासी थे, यूनानी भाषा में पत्र लिखे। जब वे पुराने नियम के पाठ का हवाला देते थे, वे लगभग हर बार LXX से ही लेते थे बजाय इब्रानी बाइबलीय हस्तलिपि से लेने के। [14]अतिरिक्त नाम

दिखाई देते है गिनती 26:29, 35, 36 और 1 इतिहास 7:14, 20 में। [15]"गोशेन का देश" जिसका वर्णन "रामसेस प्रदेश" (47:6, 11) के रूप में भी किया जाता है, मिस्र के पूर्वी नदी-मुख पर स्थित था। [16]बाद में, याकूब ने 46:30 में इन अवसर के बारे में यूसुफ़ से कहा, मनश्शे और एप्रैम को आशीष देते समय: "... परमेश्वर ने मुझे तेरा वंश भी दिखाया है" (48:11)। [17]हालाँकि अकाल के पाँच वर्ष अभी भी शेष थे और भूमि निष्फल थी (45:11), यूसुफ़ भविष्य की समस्याओं को टालना चाहता था। [18]जॉन टी. विल्लिस, *जेनेसिस,* द लिविंग वर्ड कमेंटरी (ऑस्टिन, टेक्सस.: स्वीट पब्लिशिंग कंपनी, 1979), 434. [19]रोमियों 8:9 देखें, जहाँ "परमेश्वर का आत्मा" और "मसीह का आत्मा" का समानार्थक तरीके से प्रयोग किया गया है।